डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक COE/133/2024

दिनांक 19/03/2024

अधिसूचना

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 23.06.2023 की मद संख्या 08 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की स्नातक स्तर (बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0कॉम एवं अन्य समकक्ष) की परीक्षा सत्र 2015 से 2022 तक किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण छात्र को अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु स्पेशल परीक्षा में परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि स्नातक पाठ्यकम के अंतिम वर्ष के विभिन्न पाठ्यकमों के ऐसे अभ्यर्थी जो अपने किसी एक विषय के एक प्रश्न पत्र अथवा दो प्रश्न पत्रों तथा परास्नातक के वर्ष 2017 से 2022 तक के अंतिम वर्ष के अभ्यर्थी जो एक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण होने के कारण अपनी उपाधि पूर्ण नही कर पाये हैं, ऐसे अंतिम वर्ष के अभ्यर्थियों को स्पेशल परीक्षा शुल्क रूपये 5000/–के साथ पूर्ण करने हेतु स्पेशल पुनः परीक्षा की छात्रहित में वर्तमान पाठ्यक्रम व परीक्षा पैटर्न के अनुसार विकल्प देते हुए अनुमति प्रदान कर दी गयी है।

अतः उपरोक्त स्पेशल परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु स्नातक स्तर (बी0ए0,बी0एससी0, बी0 काम0, एलएल0बी0/बी0ए0एलएल0बी0 एवं बी0एड0) एवं परास्नात्कोत्तर (एम0ए0,एम0एससी0,एम0काम0 एवं एम0एड0 एलएल0एम0) के छात्र/छात्राऐं अपनी समस्त अंकतालिकाओं की छाया प्रति के साथ अपने महाविद्यालय के प्राचार्य से प्रमाणित कराकर अपना प्रार्थना पत्र विश्वविद्यालय के सम्बन्धित पटल पर दिनांक 27.03.2024 तक सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्राचार्य/प्राचार्या विश्वविद्यालय से समस्त सम्बद्व महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि छात्र हित में सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्रार्थना पत्र अपने स्तर से एकत्रित कर विश्वविद्यालय में दिनांक 27.03.2024 तक सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें।
2. अधीक्षक कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. अधीक्षक वित्त अधिकारी कार्यालय।
4. अधीक्षक कुलसचिव कार्यालय।.
5. विश्वविद्यालय जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय से कि छात्र हित में सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वैवसाइट को इस आशय से कि विश्वविद्यालय की वैवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. एजेंसी को इस आशय से कि समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड करना सुनिश्चित करें एवं सम्बन्धित अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चत करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक